# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025



पेज 11 का शेष

## व्यापारी से हुए...

थाना अर्जुनी जिला धमतरी में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 309 (6) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार प्रकरण में धमतरी पुलिस द्वारा आरोपियों के राजनांदगांव होने की शंका पर सायबर सेल राजनांदगांव पुलिस को लूट की सूचना देकर आरोपियों की पतासाजी में सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में लूट की योजना राजनांदगांव से ही बनाकर प्रार्थी के गाड़ी का राजनांदगांव से ही पीछा करने के पूर्ण संभावना पर सायबर सेल राजनांदगांव पुलिस टीम एवं धमतरी पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से तत्काल व्यापारी सागर गांधी निवासी गंज चौक शांति अपार्टमेंट राजनांदगांव के घर से धमतरी की ओर जाने वाले चौक-चौराहे एवं रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगालना शुरू किया गया।

# कृपालु महाराज की शिष्या धामेश्वरी देवी का विलक्षण प्रवचन आज से

**राजनांदगांव।** कल मंगलवार 25 मार्च से शहर में 15 दिनों तक श्रीकृष्ण भक्ति की रस धार बहने वाली है। जगतगुरु श्री कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिणी शिष्या सुश्री धामेश्वरी के श्रीमुख से अनवरत रूप से 15 दिनों तक श्रीकृष्ण की भक्ति रस में भीगे आनंदमयी प्रवचन होगा। उनकी तेजस्वी ओजस्वी वाणी वाणी युक्त प्रवचन वेद, उपनिषद, श्रीमद्भागवतम्-भागवत गीता, रामायण व अन्य धर्म ग्रंथों तथा पाश्चात्य दर्शनों के प्रमाणों से युक्त होगा।

शहर के म्युनिसिपल हाईस्कूल मैदान में आयोजित उक्त 15 दिवसीय धार्मिक, आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम के संबंध में श्री कृपालु महाराज के अनुयायी उषा दीदी, दिनेश बाजपेयी, श्यामलाल हिरवानी, मेघा अग्रवाल, अभिमन्यु मिश्रा ने बताया कि राधा-गोविंद सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में संस्कारधानी में आज संध्या 5 से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होने वाले इस श्रीराधा-कृष्णमयी प्रवचन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होंगे। जगतगुरु श्री कृपालु महाराज की शिष्या सुश्री धामेश्वरी देवी के श्रीमुख से कथा-प्रवचन प्रारंभ होने से पहले आज प्रातः नगर में श्री कृपालु महाराज के सैकड़ों अनुयायियों द्वारा झांझ-मंजीरे, ढोल- मृदंग के साथ संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी। जिसका भक्तिमय वातावरण में नगर भ्रमण किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में दिनेश बाजपेयी ने बताया कि संकीर्तन की परम्परा चैतन्य महाप्रभु ने स्थापित की है और जगतगुरु कृपालु महाराज जी को श्री चैतन्य महाप्रभु का अवतार माना जाता है।

जगतगुरु श्री कृपालु महाराज की मुख्य प्रचारिणी व शिष्या सुश्री धामेश्वरी देवी का श्री राधा-कृष्ण के प्रेम में पगीधर्म अध्यात्म मयी प्रवचन आज से प्रारंभ होने जा रहा है। इसके पूर्व आज सुबह नगर में संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी।

### सनातन धर्म के प्रचार के लिए समर्पित

प्रेसवार्ता में प्रवचनकर्ती सुश्री धामेश्वरी देवी की सहायिका उषा दीदी ने बताया कि जगतगुरु श्री कृपालु महाराज जी की प्रमुख प्रचारिणी व शिष्या सुश्री धामेश्वरी बचपन से ही श्रीकृष्ण भक्ति में प्रवृत्त है। उन्होंने 16 वर्ष की अल्पायु में गुरु चरणों में समर्पित होकर अपना संपूर्ण जीवन गुरु आज्ञा का पालन से सनातन धर्म के प्रचार के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने बताया कि साध्वी धामेश्वरी देवी के विलक्षण प्रवचन में धर्म अध्यात्म की गंगा बहेगी। वहीं श्रीकृष्ण भक्ति में डूबे श्रवणकर्ताओं को मानव जीवन से संबंधित अनेक प्रश्नों का समाधान होगा। उन्होंने ऐसे श्री कृष्ण भक्ति पूर्णआनंदमयी और अनुपम अवसर का लाभ उठाने लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# पेंड्री में ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में आगामी 26 मार्च को ग्रामीण स्तरीय संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन ऐतिहासिक सद्गुरु कबीर मंदिर आश्रम प्रांगण में रखा गया है। यह कि भक्ति मति माता संत शिरोमणि कर्मा जयंती 1008वां वर्ष के रूप में मनाया जाएगा।

कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शोभायात्रा गली भ्रमण, 11 बजे से मां कर्मा के सामूहिक पूजा-आरती, खिचड़ी भोग प्रसादी, दोपहर 01 बजे से अतिथियों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष लता अजय सिन्हा व अध्यक्षता सहसपुर जारवाही मंडल साहू समाज अध्यक्ष प्यारादास साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि महेंद्र यादव सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, भोजराम पडौटी सरपंच पेंडरी, मदनमोहन साहू, नेतराम साहू, योगदास साहू, धर्मदास साहू, भूषण साहू, थानूराम साहू, रतन साहू, हरगुण साहू, श्रीमती सिन्हा, मिथलेश सिन्हा समेत अन्य लोग शामिल रहेंगे। उक्त जानकारी दुर्गश कुमार साहू कार्यालय प्रभारी ने दी।

## कलडबरी में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** ग्राम कलडहरी राजनांदगांव में 23 मार्च को ठेठवार (यादव) समाज का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। साथ ही वार्षिक सम्मेलन में होली मिलन समारोह, समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि का सम्मान, समाज के अलग-अलग क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वालों का सम्मान किया गया। नवनिर्मित भवन लोकार्पण के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पु चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य मंजु चंदेल, कलडबरी सरपंच गायत्री शेखर यदु समेत अन्य शामिल थे। वार्षिक अधिवेशन समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुलेन्द्र यादव राजिम महासभा ठेठवार यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष शामिल थे। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में समाज के शिक्षा को बढ़ाने और अपने व्यवसायों को आगे बढ़ाने, शासन की योजना का लाभ लेने को कहा।

## जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह आज

**छुईखदान।** दुबेलिया तेली साहू समाज ने जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह, शोभायात्रा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 25 मार्च को श्यामपुर में किया है। समाज के सहसचिव सीआर साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने बैठक लेकर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम 11बजे माता कर्मा की पूजा एवं आरती के साथ प्रारंभ होगा। तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा छुईखदान के जयस्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन, जैन मोहल्ला होते हुए वापस सामाजिक भवन श्यामपुर पहुंचेगी। यहां पदाधिकारियों द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती पर प्रकाश डाला जाएगा।



























हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025



# आठ दिनों की चैत्र नवरात्र, मंदिरों में मनोकामना ज्योत के लिए रजिस्ट्रेशन का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि इस वर्ष आठ दिनों की होगी। पर्व को लेकर मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित करने सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है।

चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर अंचल में व्यापक तैयारियां की जा रही है। देवी मंदिरों में घट स्थापना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारियों के साथ-साथ मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सजावट का कार्य शुरू कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि नवरात्र पर्व के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन एवं पूजा हेतु होता है। खासकर बड़ी संख्या में पदयात्री पदयात्रा करते हुए अलग-अलग जत्थों में पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए प्रशासन ने भी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है। पर्व के दौरान जिलेभर में भक्ति का माहौल बना रहेगा। इस बार कलश स्थापना ब्रह्म मुहूर्त से लेकर सूर्यास्त से पूर्व तक का है. अभिजीत मुहूर्त सुबह 11. 53 से दोपहर 12.48 तक का है। इधर नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी मनाई जाएगी। इस वर्ष रामनवमी 6 अप्रैल को है, पंडितों के अनुसार इस दिन पूजन का विशेष मुहूर्त दोपहर 12.02 से 2:29 तक है। कर्क लग्न मध्याह्न काल के शुभ मुहूर्त में श्रीराम के जन्म का उत्सव मनाया जायेगा और भगवान को मिष्ठान व फूल अर्पित कर मंगल गीत गाये जायेंगे।

## बम्लेश्वरी मंदिर में मेले की तैयारी शुरू, पाताल भैरवी-शीतला मंदिर में ज्योत कक्ष की सफाई

### पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी

इधर पर्व को लेकर बाजार में ज्योति कलश के पात्र सहित पूजा सामग्री संबंधी विविध सामग्रियों की दुकानें सज चुकी है। जिसकी खरीदी भी शुरू हो चुकी है। बताया गया कि आगामी दिनों में बाजार में चहल-पहल और भी बढ़ेगी एवं ज्योति कलश एवं पूजा सामग्रियों की मांग बनी रहेगी। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें, वहीं देवी मंदिरों के आसपास भी पूजा सामग्रियों की दुकानें खुलने लगी है।



### 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाएंगे पर्व

जिले के प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में नवरात्र पर्व को 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार इसी तरह जिले के अन्य देवी मंदिरों में भी यह पर्व मनाया जाएगा। पर्व के तहत 30 मार्च को घट स्थापना ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। 2 अप्रैल को पंचमी पर्व, 5 अप्रैल को महाअष्टमी पर्व एवं 6 अप्रैल को श्रीराम नवमी पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शहर के शीतला माता मंदिर सोनारपारा के पुजारी पं. राज महाराज ने बताया कि मंदिर में चैत नवरात्र के अवसर पर 13 सौ तेल के एवं 108 घी के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा दो ज्योति कलश स्व राजपरिवार एवं स्व पुजारी परिवार का गर्भ गृह में नगर कल्याण हेतु प्रज्वलित किए जाएंगे। ज्योति कलश की संख्या बढ़ने की भी संभावना है।

---

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** विवाह करने का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया द्वारा 18 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि गजेन्द्र सिंह मरकाम 30 साल द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करता था।

माह नवंबर 2023 में उसकी मुलाकात गजेन्द्र सिंह मरकाम से फोन के माध्यम से सम्पर्क हुआ था। जिससे बातचीत के दौरान दोनों का एक-दूसरे से दोस्ती हो गया और फिर दोनों में प्रेम हो गया। गजेन्द्र सिंह ने शादी का प्रलोभन देकर 3 दिसंबर 2023 को प्रार्थिया के बर्थ-डे में मिलने बुलाया तो प्रार्थिया उससे मिलने स्कूटी में उसके गांव गई। आरोपी गजेन्द्र सिंह अपनी कार में आया और प्रार्थिया को कोरलवंड बीच जंगल ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 64 (2) (म) 69, 351 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मोहला निरीक्षक कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी को 24 मार्च को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

### माय एंगल




---

### जलाशयों से पानी मंगाकर की जा रही घरों में जलापूर्ति

# पांच साल से नहीं खुले एनीकट के गेट स्टोरेज घटा, अभी तीन फीट ही पानी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार गर्मी शुरू होने से पहले ही शहर से लेकर कई गांव में जलसंकट देखने को मिल रहा है। हालत यह रह कि दो लाख की आबादी वाले शहर में दो की जगह एक समय ही पेयजल आपूर्ति की जा रही है। मोहारा स्थित एनीकट में पानी का स्टोरेज ही लगभग शून्य हो गया था। इसके पीछे की बड़ी वजह बारिश में एनीकट के पिछले पांच साल से गेट नहीं खोला जाना है। गेट नहीं खुलने से एनीकट के सामने ही बड़ी मात्रा में सिल्ट जमा हो गई। जिससे एनीकट में जलभराव की क्षमता काफी कम हो गई।

यही कारण रहा कि पानी स्टोरेज कम होने से शहर में सप्लाई प्रभावित हुई। हालांकि अब जिला प्रशासन ने सिल्ट निकालने का कुछ काम किया है। इसके साथ ही मटियामोती, मोंगरा सहित अन्य जलाशयों से पानी भी मंगाया जा चुका है। आने वाले कुछ दिनों में ही स्थिति के सामान्य होने की संभावनाएं भी जताई जा रही है, परन्तु यह जरूर है कि तेजी से घटना जलस्तर आने वाले सालों में भी जिले के लिए जल संकट के दृष्टिकोण से चिंता का बड़ा विषय बना हुआ है। इधर एनीकट से सिल्ट निकालने के बाद उसकी जलभराव क्षमता में भी काफी इजाफा देखने को मिला है।

### खास बातें

- जलाशयों से आने वाले पानी से हो रही पेयजल सप्लाई
- सिल्ड जमने से मोहारा एनीकट में घट गया था जलभराव क्षमता



### सड़ गए सभी गेट

एनीकट की मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से इसके सभी पांच गेट सड़ने की हालत में आ गए हैं। आलम यह है कि इन गेट में लगे नट तक नहीं खुल रहे हैं। इसके पीछे विभागीय अफसरों की गलती सामने आ रही है। पिछले कुछ सालों में नियमित समय पर यदि गेट को खोला जाता तो इससे सिल्ट भी नहीं जमा होता। वहीं गेट की स्थिति भी बेहतर बनी रहती। हालांकि अब इसे सुधार करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

### साढ़े तीन में सवा दो मीटर पानी

मिली जानकारी के अनुसार मोहारा स्थित एनीकट की लगभग साढ़े तीन मीटर की जलभराव क्षमता है। हाल ही में जलाशयों से आए पानी की मदद से एनीकट में लगभग सवा दो मीटर पानी का स्टोरेज हो चुका है। वहीं अब महज एक से सवा मीटर ही जलभराव शेष है, जो कि शहरवासियों से लेकर जिला प्रशासन के लिए भी राहत की खबर है। हालांकि सिल्ट निकाले जाने के बाद इसकी क्षमता में और वृद्धि संभावित बताई गई है।

### सिल्ट के कारण इंटकवेल में भी दिक्कतें

बारिश में एनीकट के गेट नहीं खोले जाने से जहां एनीकट में काफी अधिक सिल्ट जमा हो गया है। वहीं यही हाल इंटकवेल के आसपास का है। इंटकवेल में सिल्ट के जमा होने के कारण जलापूर्ति में लगे निगम के कर्मियों को आए दिन अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इंटकवेल और एनीकट में जाम सिल्क को हटाना एक बड़ी चुनौती दिखाई दे रही है।

---

# पूजा अर्चना कर निगम अध्यक्ष वर्मा ने किया कार्यभार ग्रहण

### महापौर यादव, आयुक्त ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने आज पूर्वान्ह में निगम कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के दौरान महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदों ने भी उन्हें माला पहनाकर बधाई दी। कार्यभार ग्रहण के दौरान निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि महापौर मधुसूदन यादव सहित संगठन के वरिष्ठजनों ने मुझे निगम अध्यक्ष के लिए नामित किया और पार्षद साथियों ने मुझे मतदान कर अध्यक्ष बनाया। जिसके लिए मैं महापौर, संगठन और पार्षदों का सहृदय आभारी हूॅं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डे के मार्गदर्शन में महापौर श्री यादव के साथ मिलकर शहर विकास करेंगे तथा शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

### विश्वास में खरा उतरेंगे

अपने वार्ड नं. 16 के वासियों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे भारी मतों से विजयी बनाया। उन्होंने कहा कि मैं उनके विश्वास में खरा उतरकर उनकी मंशानुरूप वार्ड में विकास कार्य करेंगे। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, वार्डवासी एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# शराब पीने से रोकने पर नाराज पिता ने अपने ही बेटे पर किया टंगिया से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बेटे पर टंगिया से जानलेवा हमला कर फरार हुए आरोपी पिता को पुलिस ने राजनांदगांव से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 21 मार्च खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोढरी की प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मां और भाई डेविड घर के बाड़ी में ईंटा बना रहे थे, जो शाम 6 बजे तक ईंटा बनाए, फिर प्रार्थिया शाम का खाना बनाई तो रात लगभग 8 बजे प्रार्थिया, उसकी मां और भाई डेविड खाना खाए।

उस समय आरोपी पिता घर पर नहीं थे, फिर वे लोग एक कमरे में मां और प्रार्थिया तथा दूसरे कमरे में भाई डेविड सो गए। रात्रि लगभग 10 बजे भाई डेविड के चिल्लाने की बचाव-बचाव करके आवाज आई तो प्रार्थिया ने अपनी मां को उठाई। वे लोग डेविड के कमरा की तरफ गए तो देखे आरोपी पिता पीलूराम टंगिया से भाई डेविड को मार रहे थे। जिससे डेविड के माथा, सिर, दाहिना कान के पास गहरी चोंट लगा, जब वे लोग बीच-बचाव करने लगे तो उनके आरोपी पिता ने तुमको भी मार दूंगा बोलकर प्रार्थिया और उसकी मां को मारने के लिए टंगिया उठाए, तब वे लोग घर से बाहर भागते हुए बचाव-बचाव चिल्लाए, तब आसपास के लोग उठे तो आरोपी पिता टंगिया लेकर बाड़ी की तरफ भाग गए। डेविड को सरकारी अस्पताल मोहला ले गए, जहां पर डेविड का प्राथमिक उपचार कर टांका लगाकर चोंट ज्यादा होने के कारण रिफर करने से मेडिकल कॉलेज हास्पिटल राजनांदगांव ले गए, फिर चिन्मय हास्पिटल राजनांदगांव लेकर गए, जहां उसका ईलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर थाना खड़गांव में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### टंगिया जब्त, पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी फरार हो गया था, जिसे मुखबीर सूचना के आधार पर बसंतपुर पुलिस की मदद से राजनांदगांव से पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। घटना के बाद वह अपने घर घटनास्थल से पांच किलोमीटर दूर अपने दोस्त के खेत लाडी में टंगिया को छिपाकर रखा था, जिसे उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर 24 मार्च को न्यायिक रिमांड पर पेश करने पर माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर जिला जेल राजनांदगांव निरूद्ध किया गया है।

---

# शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ सात महिला समूहों ने खोला मोर्चा, इधर पांच कोचिये गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 49 मोहड़ वार्ड में अवैध शराब बिक्री से परेशान महिलाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर वार्ड में अवैध बिक्री बंद कराने की मांग की। सात महिला समूह की 50 से अधिक संख्या में पहुंची महिलाओं के साथ वार्ड पार्षद ने अवैध शराब बिक्री बंद नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी है।

बड़ी संख्या में पहुंचे मोहड़ वाडे के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कहा है कि वार्ड के ही कुछ लोग द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ, शराब व गांजा की बिक्री की जा रही है। इस मामले को लेकर पहले भी बसंतपुर में शिकायत की गई थी और थाना प्रभारी द्वारा इस पर कार्रवाई भी किया गया, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से उन लोगों द्वारा शराब बिक्री शुरू कर दी गई है। अब शराब बिक्री के चलते मोहड़ वार्ड में नशाखोरी के मामले बढ़ गए हैं। चौक-चौराहा पर शराबियों का शाम होते ही जमघट लग जाता है। इस दौरान महिलाओं और युवतियों पर शराबी छींटाकशी करते हैं। जिससे महिलाओं को परेशानी हो रही है। गांव के पढ़ने वाले बच्चियों एवं



महिलाओं का अकेले घर से निकलना मुश्किल होता जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूह की पद्मिनी निषाद और अन्य महिलाओं ने बताया कि अब शराब बिक्री से मना किए जाने पर शराब कोचियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज किया जाता है। शराब कोचिये मारपीट और झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

### वार्ड में असुरक्षा की भावना

वार्ड के पार्षद संजय रजक ने कहा कि मोहड वार्ड में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शराब तथा नशीले पदार्थ का विक्रय किया जा रहा है। इस कारण युवा वर्ग इनके गिरफ्त में आकर वार्ड के रहवासियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। जिससे वार्ड के लोग हमेशा भय व असुरक्षित महसूस करते हैं।

### गांव में कर रहे थे शांति भंग, बसंतपुर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** ग्राम मोहड में शराब पीकर हुल्लड़ कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने पांच अनावेदकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आपराधिक व असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मोहड में शराब पीकर हो-हुल्लड व शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी शशी साहू 28 साल, निहाल साहू 34 साल, ज्ञानदास साहू 34 साल, दिलीप श्रीवास 30 साल एवं थानेश्वर साहू 34 साल द्वारा गांव में शराब पीकर हो-हुल्लड करने की सूचना मिलने के उपरांत मौके पर पुलिस पार्टी पहुंचकर अनावेदकगण को समझाईश दिया गया, जो नहीं माना। ग्राम में अप्रिय घटना घटित होने व परिशांति भंग होने के अंदेशा पर अनोवदकगणों के विरूद्ध धारा 107, 126, 135(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को माननीय एसडीएम न्यायायल के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अनावेदकगणों का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत अनावेदकगणों को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

---

### अब फिर चढ़ने लगेगा दिन का तापमान, 36 डिग्री पहुंचा

# बारिश के बाद लुढ़का अधिकतम तापमान आज से फिर चढ़ेगा, माहांत तक पहुंचेगा 40 के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 72 घंटे के भीतर अंचल का मौसम फिर से बदल गया है। तेज धूप के बीच अब बंगाल की खाड़ी से आई नम हवाएं पश्चिमी विक्षोभ एवं द्रोणिका की वजह से शनिवार की देर रात एवं रविवार अलसुबह हल्की बारिश देखने को मिली। बेमौसम बारिश का असर अधिकतम तापमान में भी देखने को मिला। दिन का पारा 37.5 डिग्री से लुढ़ककर 35 डिग्री के करीब पहुंच गया था। हालांकि इसमें अब वृद्धि का



दौर शुरु हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 3.1 किमी से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 82 डिग्री पूर्व और 33 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। एक हवा का अनियमित गति/द्रोणिका दक्षिण-पूर्व उत्तरप्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए मराठवाड़ा तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 23 को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा, एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है, फिर भी उत्तर छत्तीसगढ़ के एक-दो जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### गर्मी के दिनों में बारिश का अलर्ट

मार्च महीने की शुरुआत से ही गर्मी की तपिश ने लोगों को हलाकान कर रखा है। तापमान भी चढ़कर 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका था, लेकिन इस बीच अचानक मौसम में बदलाव आने से बेमौसम बारिश भी देखने को मिली। विभाग की तरफ से राजनांदगांव को लेकर बारिश का येलो अलर्ट भी रविवार की सुबह जारी किया गया था। वहीं पड़ोसी जिलों को लेकर आरेंज अलर्ट रहा।

### ऐसा रहा तापमान

ज्ञात हो कि शनिवार को राजनांदगांव अंचल का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस पर था, लेकिन रविवार सुबह हुई बेमौसम बारिश के बाद इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह लुढ़ककर 35 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 19 डिग्री के करीब है। हालांकि अब तापमान में फिर से इजाफा देखने को मिलेगा।

---

# व्यापारी से हुई लूट मामले में एनपीआर कैमरे से मिला आरोपियों का अहम सुराग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के व्यापारी से धमतरी क्षेत्र में हुए लूट के मामले में पुलिस द्वारा संचालित एनपीआर कैमरे से महत्वपूर्ण सुराग मिला है। इस मामले में आरोपी पकडे गए, जिन पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 मार्च को प्रार्थी पुरोषतम साहू निवासी राजनांदगांव द्वारा अपने सेठ सागर गांधी निवासी गंज चौक शांति अपार्टमेंट राजनांदगांव के घर से 20,00,000 रुपए नगद लेकर धमतरी के व्यापारी निर्मल जैन के यहां मारूति सेलेरियों कार से ड्राईवर व एक अन्य के साथ छोड़ने के लिए जा रहा था। दोपहर करीब 1.30 बजे ग्राम पोडियाडीह में एक स्कार्पियों वाहन के चालक द्वारा प्रार्थी के गाड़ी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर रूकवा दी गई। उसके बाद स्कार्पियों में बैठे तीन व्यक्तियों द्वारा चहरे में स्कार्प बांधकर प्रार्थी पक्ष को बंदूकनुमा हथियार दिखाते डरा-धमका कर मारपीट करते प्रार्थी के कार में बैग अंदर रखे नगदी 20,00,000 रुपए को लूट लिए थे। लूट की सूचना पर ⏩ शेष पेज 10 पर

### एनपीआर कैमरे की मदद से पकड़ाए

पुलिस विभाग द्वारा संचालित मोहारा चौक स्थित एनपीआर कैमरे से आरोपियों द्वारा प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन की स्पष्ट पहचान हो पाई। उक्त वाहन के आधार पर धमतरी, रायपुर व सायबर सेल राजनांदगांव की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते 5 आरोपियों एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर नगदी रकम 19,85,000 रुपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन, स्वीफ्ट डिजायर व एयरगन को जब्त कर विधिवत कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### जयंती और आदर्श विवाह समारोह आज



**पटेवा।** ग्राम में मंडल स्तरीय कर्मा जयंती एवं आदर्श विवाह समारोह का आयोजन मंडल साहू समाज पटेवा, इरईकला, इरईखुर्द, दर्रा एवं बोटेपार के संयुक्त तत्वावधान में कल 25 मार्च को कर्मा मंदिर प्रांगण में किया गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे कलश यात्रा, दोपहर 12 बजे ध्वजारोहण एवं माता कर्मा की पूजा आरती, दोपहर 1 बजे आतिथ्य सत्कार, दोपहर 3 बजे विद्यार्थियों का सम्मान एवं आदर्श विवाह का आयोजन पश्चात शाम 5 बजे खिचड़ी वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता बघेल उपस्थित होंगी। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच लक्ष्मी वर्मा, ललित साहू, तुलसी साहू, मिथलेश साहू, मंथिर साहू, एचके साहू उपस्थित रहेंगे।

### सरपंच ने सफाई से की पंचायत में काम की शुरुआत



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत बुन्देली के सरपंच दिवाकर सोनी ने पदभार ग्रहण करने के बाद सर्वप्रथम सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने का बीड़ा उठाया है। रविवार को उन्होंने पंच एवं युवाओं के साथ गांव में पसरी गंदगी को साफ किया। युवाओं की टीम ने सभी वार्ड में बजबजा रही नाली की सफाई, चौक चौराहा, बाजार एवं स्कूल मैदान, मंच, कार्यक्रम स्थल, हैंडपम्प, तालाब आदि जगह सफाई किया। सफाई अभियान में पंच भानु सोनी, नेपाल, भानुपाल, छत्रपाल, युवराज, गौतम ठाकुर, बॉबी सिंह, लोकेश जंघेल, लोकेश यादव, शिवदास, ओमप्रकाश, जितेंद्र तोमर, परमानंद, सुरेंद्र गुप्ता, कीर्तन ,हिमांशु, रूपेन्द्र आदि शामिल हुए।

### कोटरा में मनाया बलिदान दिवस



**सड़क अतरिया।** कोटरा में रविवार को लोधी समाज एवं ग्रामीणों ने अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस में मनाया। उपस्थित अतिथियों ने रानी की पूजा अर्चना कर जयकारा लगाते हुए नमन किया। इस मौके पर उनके संघर्ष, शौर्य, पराक्रम से भरे जीवन पर प्रकाश डाला गया। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि अवंती बाई लोधी समाज की गौरव है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि अवंतीबाई नारी शक्ति का शास्वत उदाहरण है जिन्होंने 1857 में अंग्रेजों को धूल चटाया था। कार्यक्रम में गिरवर जंघेल, तीरथ चंदेल, नंदबाबा चंदेल, उत्तमचंद, नंदकुमार चंदेल, दशमत जंघेल, पुष्पा प्रकाश वर्मा, निर्मला विजय वर्मा, राजू जंघेल, श्रवण जंघेल, अवध जंघेल, स्वरूप जंघेल, अशोक जंघेल, नेताजी जंघेल, ज्योति जंघेल, नेतराम जंघेल, हर्ष वर्धन वर्मा, दुष्यंत जंघेल, कुसुम नेहरू जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### समाज ने किया सरपंच का सम्मान



**घुमका।** ग्राम पंचायत डुमरडीह कला में सरपंच के पद पर ठाकुर दिनेशसिंह राजपूत के दूसरी बार निर्वाचित होने के बाद ग्राम दैहान के राजपूत परिवारों ने समारोह आयोजित कर श्रीफल व शाल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर वार्ड पंच राजश्री जितेंद्र सिंह राजपूत का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर नरेंद्रसिंह बघेल ने पंचायत मे राजपूत समाज को प्रतिनिधित्व मिलने पर ख़ुशी जताते हुए कहा कि यह समाज के लिए गर्व की बात है। केदारसिंह, मन्नूसिंह, जितेंद्रसिंह, पुरषोत्तम सिंह, पंचम सिंह, सुरेन्द्रसिंह, खेमसिंह, गुंजनसिंह, मुरलीसिंह ने संबोधित किया।

### पंडरिया में 40 लोगों ने दी परीक्षा



**सड़क अतरिया।** रविवार के सभी सरकारी स्कूलों में उल्लास महापरीक्षा का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला पंडरिया में 40 बुजुर्ग महिला पुरूष परीक्षा में शामिल हुए। जनपद सदस्य ज्योति जंघेल ने परीक्षा केन्द्र पहुंचकर मूल्यांकन की जानकारी लिया।

### मोहगांव में बलिदान दिवस 27 को

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत मोहगांव में आगामी गुरूवार को लोधी समाज एवं ग्रामीणों द्वारा रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, उत्तम चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, तिरथ चंदेल सहित अन्य शामिल होंगे। यह जानकारी गंड़ई सर्किल लोधी समाज के अध्यक्ष डेरालाल जंघेल ने दिया।

**बेचना है**

- विजय लक्ष्मी नगर डोंगरगांव में 30x60 वर्गफीट के दो प्लॉट
- डोंगरगांव कॉलेज के पास 33x66 के दो प्लॉट
- विजय लक्ष्मी नगर डोंगरगांव के पीछे (आदिवासी प्लॉट) 30x70 के चार प्लॉट
- मोगरा कॉलोनी डोंगरगांव में दो प्लॉट

- संपर्क करें -
9907168139
9424139198

## जल स्तर तेजी से घट रहा, पानी के संरक्षण को गंभीरता से नहीं ले रहे लोग

# गर्मी बढ़ते ही तालाब, कुएं सूखे गांवों में गहराया जल संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गर्मी की दस्तक के साथ गांवों में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गहराने लगी है। तालाब और कुएं सूख गए है। हैंडपंप दम तोड़ने लगे है। बोर से मटमैला पानी आने लगा है। गर्मी के शुरूवात जो स्थिति दिखाई दे रही है उसे देखते हुए तय है कि आने वाले दिनों यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। संकट गहराने के बाद भी लोग जल संरक्षण को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। सार्वजनिक नलों से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहते रहता है। वहीं किसान तीसरी फसल लेने की तैयारी में है। क्षेत्र के लगभग सभी गांव नल जल योजना पर आश्रित है जिससे एक पहर भी पानी नहीं आने से हाय-तौबा मच जाती है।

## नल जल योजना भी नहीं बुझा पा रही प्यास

### हैण्डपंपों से निकल रहा मटमैला पानी

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सड़क अतरिया, खैरबना, चकनार, कुकुरमुड़ा सहित कुछ अन्य गांव के लोग पानी के लिए नल जल योजना पर आश्रित है। कुछ गांव में नल जल योजना भी दम तोड़ते नजर आ रही। ग्राम बेलगांव तथा संड़ी में जल की समस्या गंभीर हो गई है। सरकारी एवं निजी बोर का जल स्तर गिरने के बाद लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। कुछ बोर में पानी है पर वह मटमैला हो गया है। ग्रामीण इन दिनों मटमैला पानी पीने मजबूर हैं। तालाब का पानी भी लगातार दूषित हो रहा है।

### तीसरी फसल की तैयारी

एक तरफ गांव जल समस्या से जूझ रहे हैं वही दूसरी ओर साधन संपन्न किसान तीसरी फसल लगाने की तैयारी में हैं। क्षेत्र में सीमित वर्षा और बारिश का अंतराल लम्बा होने से भू जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। पेय एवं निस्तारी जल के लिए जितना पानी की आवश्यकता है। उससे कई गुना पानी फसल की बोआई एवं पकने में लग जाता है। जल स्तर में गिरावट एवं सिंचाई के लिए बोर से लगातार पानी के दोहन से जल स्तर काफी नीचे जा चुका है। क्षेत्र में बोर की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

**डोंगरगढ़।** मुसरा सहित दर्जनों गांव में जलस्तर गिरने से पेयजल समस्या गहरा गई है। लोगों को इन दिनों पेयजल एवं निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। वर्तमान हालत को देखते हुए आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि आने वाले दिनों जल संकट गंभीर रूप ले सकता है।

ग्राम पंचायत मुसरा में पिछले 6 माह से बारिश नहीं होने के बाद भी किसानों ने धान की बोनी कर दिया है। धान की फसल में लगातार सिंचाई करने से जलस्तर लगातार नीचे गिरते जा रहा है।

ग्राम मुसरा के तालाब भी सूख रहे है। नलकूप का जलस्तर भी नीचे चला गया है। गांव में कम बारिश होने से जल संकट गहराने लगा है। सरपंच गायत्री टेम्भुरकर ने बताया कि पीएचई विभाग को अवगत करा दिया गया है लेकिन विभाग ने समाधान की दिशा में अब तक कुछ नही किया है। पंचायत द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी मुहैया कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गर्मी के दिनों में पानी की खपत बढ़ जाती है। लोगों को जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

### पानी की कमी से फसल चौपट

पानी की कमी के चलते फसल चौपट हो रही है । गॉव के बजरंग साहू ने बताया कि जल स्तर में गिरावट के बाद सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। सिंचाई के अभाव में चना, गेहूं, सोयाबीन एवं सब्जी की फसल चौपट हो गई है जिससे किसानो को भारी नुकसान हुआ है। व्यापारी शंकर साहू ने बताया कि गर्मी के दिनों में लोग मकान बनाते हैं। कृषि कार्य के बाद मजदूर मकान बनाने का कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैकड़ो आवास की स्वीकृति मिली है किन्तु पानी की कमी के चलते कार्य बंद है। पंच कौशल सोनी ने कहा कि जल संकट से छुटकारा दिलाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाते हुए प्रत्येक पंचायत में पानी टैंकर एवं पर्याप्त पानी सप्लाई करने का प्रयास करना चाहिए।

## चैत्र नवरात्रि की तैयारी तेज

### 30 को होगी ज्योति कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में आगामी 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि पर्व भक्ति भाव से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर, बंजारी मंदिर, पैलीमेटा के अन्नपूर्णा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में जोत प्रज्जवलित किया जाएगा। नर्मदा मंदिर में शनिवार को संरक्षक लाल टारकेश्वर साह खुसरो की अध्यक्षता में बैठक आहूत कर नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार आगामी 30 मार्च को पूजा अर्चना के साथ घट स्थापना तथा



ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। 2 अप्रैल को पंचमी, 5 अप्रैल को महाष्टमी तथा रविवार को ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा। पर्व को लेकर मंदिर की साफ सफाई सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। बैठक में संरक्षक मोतीलाल जंघेल, अध्यक्ष बिसाहूराम सिन्हा, डा दशरिया, विनय प्रसाद कोसरिया, सीताराम यादव, पवन पटेल, विशम्भर पटेल, रजऊ निषाद, अग्राहित, गीता राम, अनिल वर्मा, कोमल दुबे, संतोष,

## विकास कार्यों का दोबारा भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** विधानसभा चुनाव के बाद सांसद संतोश पांडे ने अधोसंरचना मद से लगभग 3 करोड़ की स्वीकृति दिलाया था। प्रस्तावित कार्यों का भूमिपूजन पालिका चुनाव के पहले सांसद ने भाजपा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया था। नगर पालिका में भाजपा का कब्जा होने के बाद अब उन्ही कार्यो को शुरू करने के पहले भूमिपूजन किया जा रहा है। दोबारा भूमिपूजन को लेकर अब तक किसी ने सवाल नहीं उठाया है किन्तु संगठन से जुडे जनप्रतिनिधि, नेताओं और कार्यकर्ताओं को जानकारी दिए बिना भूमिपूजन करने से नाराजगी सामने आ रही है। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंग मोटी ने बताया कि वर्तमान में जो भूमिपूजन हो रहा है उन कामों को सांसद ने अधोसंरचना मद से स्वीकृत कराया था। इन कार्यों का भूमिपूजन हो चुका है। पुनः भूमिपूजन किया जाना गलत है।

## किराना दुकान में खाद-दवा का विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



विकासखंड में अवैध रूप से खाद बेच रहे व्यापारियों के खिलाफ कृषि विभाग के अधिकारी जांच कर रहे हैं किन्तु कार्यवाही के नाम पर मामला दर्ज करने के बाद किसी प्रकार की जानकारी उजागर नहीं कर रहे हैं। क्षेत्र की कई हार्डवेयर, किराना दुकानो सहित अन्य में दवाई और खाद का विक्रय किया जा रहा है जिसे बेचने और भंडारण का लाइसेंस दुकानदारों के पास नहीं है। कई दुकानदार नकली खाद, दवाई बेच रहे है। खेती के सीजन के पहले कृषि विभाग के अधिकारी दौरा कर जांच तो करते हैं किन्तु जांच के नाम पर खाना पूर्ति कर मामले को मौके पर ही निबटा देते हैं।

### कार्रवाई की जानकारी छुपा रहे

हाल ही में कृषि विभाग ने नागतराई में छाप मारकर खाद जप्त किया था। इस आशय की जानकारी स्थानीय अधिकारीयों को थी किन्तु वह कार्रवाई करने से परहेज कर रहे थे। जिला मुख्यालय में शिकायत होने के बाद कार्रवाई कर 22 बोरी यूरिया, 18 डीएपी, 7 बोरी कैल्शियम सल्फेट जप्त कर वर्मा ट्रेडर्स के संचालक भुपेश कुमार वर्मा को नोटिस जारी किया गया।

## मानस महोत्सव में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

**मुरमुंदा।** ग्राम मुड़पार में रविवार को ग्रामवासियों तत्वावधान में मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मानस मंडलियों ने मधुर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सरपंच सविता टिकेश्वर सिन्हा, जनपद सदस्य पूजा रामकिशोर चौधरी, टिकेश्वर सिन्हा, बल्दू कंवर, सियाराम खड़से, संतराम चौधरी, जीवन खड़से, नरेश ठाकरे, सेवक ठाकरे, सिजलाल ठाकरे, परसादी कंवर, रामचंद चौधरी, हरिशचंद कदम, द्वारका ठाकरे, पुरानिक ठाकरे, अमित देशमुख, मानस श्रीवास, श्रवण कंवर, रूमलाल सिन्हा आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## विकास को गति देने जुटे अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

निकाय चुनाव से पहले नगर पंचायत गंडई को विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली थी। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने स्वीकृत कार्य को शुरू करवाना आरंभ कर दिया है।

ठेकेदार, वार्डवासी और पार्षदो सहित अन्य की उपस्थिति में नगर अध्यक्ष निर्माण कार्यो को आरंभ कराया जा रहा है। इस दौरान ठेकेदारों को गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निर्माण करने की समझाइश नगर अध्यक्ष दे रहे हैं। गत दिनों उन्होंने वार्ड 9 में 3.50 लाख के मंच का कार्य आरंभ करवाया। इसी प्रकार वार्ड 4 में 2. 82 लाख के मंच, वार्ड 4 में ही दो नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत क्रमशः 2.42 लाख एवं 5 लाख है को चालू करवाया। इस दौरान पार्षद दिलीप ओगरे, अमन सोनी, तामेश्वर साहू सहित वार्डवासी और नागरिक उपस्थित थे।

## वनों के संरक्षण पर दिया जोर



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में विश्व वन दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिवस को सार्थक बनाते हुए पौधे रोपे गए। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती ठाकुर ने वनों के महत्व और उसके संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को उनकी जिम्मदारियों से अवगत कराया। तत्पश्चात चंद्रप्रकाश साहू एवं फलेश्वरी साहू ने वनों की महत्ता पर अपने विचार रखे। इसी कड़ी में अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश राठौर, लीना साहू, शुमि जैन एवं हेमशंकर साहू ने वनों के इतिहास, निर्माण, दैनिक जीवन में उपयोगिता, लाभ, जलवायु परिवर्तन आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस मौके पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम आशा वैष्णव, द्वितीय स्थान ओमलता ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन चांदनी पराते ने किया। अंत में सौम्या देवांगन ने आभार प्रदर्शन किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
आवश्यकता है
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को केवल राजनांदगांव के लिए निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सेल्समेन | 5 पद |
| 2. | टेली कॉलर | 2 पद |
| 3. | कम्प्यूटर आपरेटर | 2 पद |
| 4. | ड्राइवर | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स
रायपुर नाका के पास, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, जी. ई. रोड, राजनांदगांव.
संपर्क - 9977184777, 9827953976, 9406347697

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025



# प्रत्येक 2 मिनट* में, एक छात्र हमसे जुड़ रहा है,

**Aakash**
Medical | IIT-JEE | Foundations

डॉक्टर या इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने के लिए!
इस प्रक्रिया का हिस्सा बनें, आज ही रजिस्टर करें।

**प्रमाणित. विश्वसनीय. अभूतपूर्व.**

## 115484 आकाशियन्स क्वालिफाइड NEET (UG) 2024 में

- AIR 1 — 720/720 — Mridul M Anand, 3 Year Classroom (Delhi State Topper)
- AIR 1 — 720/720 — Aryan Yadav, 1 Year Classroom (Uttar Pradesh State Topper)
- AIR 1 — 720/720 — Ayush Naugraiya, 4 Year Classroom (Uttar Pradesh State Topper)
- AIR 1 — 720/720 — Arghyadeep Dutta, 2 Year Classroom (West Bengal State Topper)
- AIR 1 — 720/720 — Palansha Agarwal, 2 Year Classroom (Maharashtra State Topper)
- AIR 1 — 720/720 — Iram Quazi, 1 Year Classroom (Rajasthan State Topper)

और भी कई...

## 3081 आकाशियन्स क्वालिफाइड JEE (ADVANCED) 2024 में

- AIR 25 — Rishi Shekher Shukla, 2 Year Classroom
- AIR 67 — Krishna Sai Shishir, 4 Year Classroom
- AIR 78 — Abhishek Jain, 4 Year Classroom
- AIR 93 — Hardik Aggarwal, 2 Year Classroom
- AIR 95 — Ujjwal Singh, 4 Year Classroom
- AIR 98 — Rachit Aggarwal, 4 Year Classroom

और भी कई...

## Aakash छत्तीसगढ़ (क्लासरूम प्रोग्राम) से हमारे चैंपियंस

**NEET 2024**
- Ekta Kosewara, AIIMS, Delhi
- Saini R Das, AIIMS, Bhubaneswar
- Arpit Gupta, AIIMS, Gorakhpur

और भी कई...

**JEE 2024**
- Shubham Nair, IIT, Madras
- Harshita, IIT, Madras
- Shubham, IIT, Kanpur

और भी कई...

*जुलाई 2023 से जून 2024 के बीच हुए नामांकन की संख्या पर आधारित

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

# प्रवेश प्रारम्भ
अगले बैच के लिए

| कक्षा | कोर्स | बैच प्रारंभ होने की तिथि |
|---|---|---|
| 8वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए | फाउंडेशन कोर्सेज स्कूल एग्ज़ाम / ओलंपियाड के लिए | 20th March - 04th April |
| 9वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए | स्कूल प्लस व प्रेप प्लस कोर्सेज स्कूल / बोर्ड एग्ज़ाम, प्री-NEET व प्री-JEE सहित ओलंपियाड के लिए | 20th March - 04th April |
| 11वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए | 2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड क्लासरूम कोर्सेज NEET / JEE के लिए | 22nd March - 06th April |
| 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए | 1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड क्लासरूम कोर्सेज NEET / JEE के लिए | 20th March - 01st April |
| 12वीं में उत्तीर्ण / अध्ययनरत छात्रों के लिए | 1 वर्षीय रिपीटर / ड्रॉपर कोर्सेज NEET / JEE के लिए | 17th April - 9th May |

नामांकन के लिए स्कैन करें

इंस्टेन्ट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (iACST) में भाग लें।
**90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें**
*नियम व शर्तें लागू

**क्रैश कोर्स NEET 2025**
बैचेस की शुरूआत: 27th March & 31st March

**Aakash DIGITAL**
STUDY ANYTIME, ANYWHERE!
Medical | IIT-JEE | Foundations
NEET / JEE की तैयारी कहीं भी, कभी भी
8800687136

नज़दीकी ब्रांच की जानकारी के लिए QR कोड को स्कैन करें

**Call Your Nearest Branch: Bilaspur:** 8800732450, 9289714488 **Bhilai:** 7460011520, 7611110533, 7460011521, 7518020864 **Raipur:** 8800256484, 9220124445, 9220124448, 9220124449

**Newly Open: Ambikapur:** 6262033320, 6262033310 **Korba:** 8109208475, 8109208375 **Rajnandgaon:** 7611100062, 7611100063, 7611100064, 7611100068 **Raigarh:** 7804886680, 9302086956

CALL (TOLL-FREE): 1800-102-2727 | VISIT: aakash.ac.in | Scan the QR Code to Download Aakash App (GET IT ON Google Play) | Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

## खबर संक्षेप

### पंच कुण्डीय गौरी-शंकर रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए सांसद संतोष पाण्डेय

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पौनी में आयोजित पंच कुण्डीय गौरी-शंकर



रुद्र महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन में शामिल हुई राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने ग्राम पौनी में आयोजित गौरी-शंकर रुद्र महायज्ञ के अंतिम दिवस विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं आयोजक समिति सदस्यगणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं ससम्मान यज्ञ एवं कथा स्थल में श्री रामचरित मानस की पूजा अर्चना कर जिलेवासियों एवं ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कथा वाचक पं हरे कृष्णा शुक्ला का पुष्पहार से स्वागत किया। वही सरपंच रोशनी रवि साहू एवं पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर 200 मीटर सीसी रोड एवं 3 किलो मीटर पीडब्ल्यूडी सड़क के लिए प्रस्ताव भेजने की आश्वासन दी गई। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष पंडरिया रविश सिंह, मण्डल अध्यक्ष फलितराम साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष विष्णु साहू, जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, विकास पाण्डेय, सतीश चंद्राकर, अशोक साहू, श्रीमती रोशनी रवि साहू, केशरी नंदन तिवारी, खेमसिंह नरेश साहू, सूरज यादव, शशांक शर्मा, गजपाल चंद्राकर, रामफल साहू, रामफल यादव, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा प्राथमिक शाला मक्के में आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षर को साक्षर बनाने रविवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम मक्के के लोगों को परीक्षा में शामिल किया गया। असाक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने हेतु परीक्षा में शामिल हुए, जिसमे लोगो का स्वागत चांवल, तिलक लगाकर, फूल माला से स्वागत किया गया तथा परीक्षा का आयोजन किया। यह परीक्षा सुबह 10 से शाम 5बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला मक्के की प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, सीएसी रामसिंह साहू, प्रधान पाठक राजेंद्र निर्मलकर, शिक्षक निर्मल पात्रे, युगल किशोर साहू, देवकुमार साहू, स्वयंसेवी शिक्षक नंदकिशोर साहू, शिक्षिका आशा साहू, सुरुचि निषाद तथा रसोइया मोहित साहू, श्रीमती रजन साहू तथा सभी 34 परीक्षार्थी उपस्थित थें। वहीं निरीक्षण हेतु जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन देवराज सिंह और नोडल अधिकारी संजय गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया। यह उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की पहल न केवल उनके जीवन में बदलाव लाएगी, बल्कि जिले को जन-जन साक्षर बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी।

### कंझेटा में सरगुजा संभाग से पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में सरगुजा संभाग के भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमुख मेजर अनिल सिंह एवं अंबिकापुर मंडल अध्यक्ष व वार्ड 1 पार्षद कमलेश तिवारी ने भोरमदेव मंदिर दर्शन व भ्रमण किया। साथ-साथ ग्राम कंझेटा विश्राम में रामकृष्ण तिवारी के निज निवास गा युवा एवं ग्रामवासी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पंचगण उत्तम कुमार, ओमकार वैष्णव, कैलाश यादव, अरुण साहू, यशराज साहू एवं प्रमोद साहू ने भेंट-मुलाकात व परिचर्चा की गई।

### विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि पंडरिया।** गुरूवार को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विकासखण्ड पंडरिया में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत एक खुश मुंह, एक खुश दिमाग है थीम पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के मार्गदर्शन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया के बीएमओ डॉ राकेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया में ओपीडी में आए सभी मरीजों, स्वास्थ्य स्टाफ एवं शासकीय बालिका छात्रावास की छात्राओं को मौखिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के आपसी संबंध बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान दंत रोग चिकित्सक डॉ सुधा एक्का ने उपस्थित लोगों को दांतों की देखभाल करने के सही तरीकों के बारे मे बताया। उन्होने कहा कि हमें प्रतिदिन सुबह उठने के बाद और रात को सोने से पहले दो मिनट तक दांतों सफाई अवश्य करनी चाहिए। उन्होने यह भी बताया कि अत्यधिक देर तक ब्रश करने से दांतों में सेंसिटिविटी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। डॉ राकेश कुमार जो कि मनोरोग एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ भी है। उन्होने मुख स्वास्थ्य पर नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया।

### पेज 11 का शेष

**व्यापारी से हुए...**थाना अर्जुनी जिला धमतरी में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 309 (6) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण में धमतरी पुलिस द्वारा आरोपियों के राजनांदगांव होने की शंका पर सायबर सेल राजनांदगांव पुलिस को लूट की सूचना देकर आरोपियों की पतासाजी में सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में लूट की योजना राजनांदगांव से ही बनाकर प्रार्थी के गाड़ी का राजनांदगांव से ही पीछा करने के पूर्ण संभावना पर सायबर सेल राजनांदगांव पुलिस टीम एवं धमतरी पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से तत्काल व्यापारी सागर गांधी निवासी गंज चौक शांति अपार्टमेंट राजनांदगांव के घर से धमतरी की ओर जाने वाले चौक-चौराहे एवं रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगालना शुरू किया गया।

---

लाखों के चेकडेमों ने निर्माण के महज कुछ माह में ही तोड़ा दम, बगैर जल लग रहे नल, बन रहीं लाखों की पानी टंकी

# आमजनों की सुख-सुविधा के नाम स्वीकृत विकास व निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आमजनो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र के विकास और निर्माण कार्यो के नाम पर राज्य व केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा धड़ाधड़ स्वीकृत की जा रही शासकीय राशि का किस तरह दुरूपयोग हो रहा है इसकी बानगी कबीरधाम जिले की कवर्धा विधानसभा में साफ देखी जा सकती है। इसे शासन-प्रशासन की अनदेखी कहें या फिर ऊपर से लेकर नीचे तक जिम्मेदारों की मिली भगत, जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है उसका न तो उद्देश्य पूरा होते दिख रहा है और न ही इसका लाभ ही क्षेत्रवासियों को मिल पा रहा है।

हैरानी की बात तो यह है कि ऐसे मामलों की लगातार शिकवा शिकायतें सामने आने के बाद भी न तो इसकी जांच हो रही है और न जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही ही की जा रही है। जिसके चलते भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है और वे लगातार बड़े ही बेखौब ढंग से अपने नापाक मनसूबों को अंजाम दे रहे हैं। उक्त बातें प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव आकाश केशरवानी ने जारी बयान में कहीं।

उन्होने कवर्धा विधानसभा में विकास एवं निर्माण कार्यो के नाम पर किए जा रहे बड़े भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने करीब सालभर पूर्व जिले के भोरमदेव अभ्यारण के कोकदा क्षेत्र में करीब 30 से 35 लाख रूपए प्रति नग की लागत से दो चेक डेम की स्वीकृति प्रदान की थी। मंशा थी कि अभ्यारण क्षेत्र में व्यर्थ में बहने वाले जल को चेकडेम में संग्रहित किया जा सके ताकि इसका लाभ क्षेत्रवासियों के साथ वन्यप्राणियों को मिल सके। लेकिन आरोप है कि कार्य एजेंसी वन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों ने इस मंशा पर ही पानी फेर दिया। श्री केशरवानी ने बताया कि कार्य एजेंसी ने जिला मुख्यालय कवर्धा से करीब 35 किलो मीटर दूर भोरमदेव अभ्यारण के कोकदा क्षेत्र में चेक डेम का निर्माण तो अपने किसी ठेकेदार के माध्यम से कराया, लेकिन इस निर्माण कार्य में संबंधित कार्य एजेंसी के अधिकारियों से लेकर ठेकेदार ने आपसी मिलीभगत कर इस कदर अनियमितता तथा भ्रष्टाचार बरती गई कि लाखों की लागत से निर्मित दोनों चेक डेमो ने महज कुछ ही महिनो में दम तोड़ दिया। आज इन चेक डेमों की स्थिति ऐसी है कि जैसे इनका निर्माण कुछ माहीने पूर्व नहीं बल्कि सालों पूर्व किया गया था। आलम ये है कि चेक डेमों की फ्लोरिंग पूरी तरह से उखड़ चुकी है, डेम की नींव खोखली हो चुकी है और चेक डेम की दीवारों में दरारे आ चुकी है। जिसमें अब जल संग्रहण होना मुस्किल है।





#### नल जल योजना के नाम पर लाखों खर्च, फिर भी गांव प्यासा

वन विभाग की ही तरह आकाश केशरवानी ने पीएचई विभाग में व्याप्त अनियमितता तथा भ्रष्टाचार की कलई खोलते हुए बताया कि पीएचई विभाग द्वारा विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम मुड़वाही में स्थानीय बासिदों को शुद्ध व साफ पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर शासन की नल जल योजना के तहत करीब 60 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई थी। श्री केशरवानी ने बताया कि विभाग द्वारा योजना के तहत गांव में विशालकाय पानी टंकी का निर्माण कराया है साथ ही ग्रामीणों के घरों घर तक पानी पहुंचाने पाईप लाईन विस्तार का कार्य किया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि करीब सालभर से जारी यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जिसकी मुख्य वजह यह बताई जा रही है कि ग्राम मुड़वाही में बोर खनन सफल नहीं हो पा रहा है। अभी तक विभाग द्वारा यहां दो बोर कराए जा चुके है लेकिन इन दोनो बोर में पानी नहीं निकला और बोर फेल हो गए। अब ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि क्या पीएचई विभाग के पढ़े लिखे और औहदेदार अधिकारियों ने लाखों रूपए खर्च करने के पूर्व इस बात की जांच नहीं की थी कि ग्राम मुड़वाही में बोर खनन सफल होगा या नहीं और की थी तो फिर बोर सफल क्यों नहीं हुई और अगर नहीं की थी तो फिर लाखों रूपए की राशि खर्च कर यहां विशालाकाय पानी टंकी निर्माण करने तथा पाईप लाईन बिछाने की मंशा क्या थी?

#### आला अधिकारी एसी चेम्बरों में बैठकर चला रहे विभाग

प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया कि भाजपा शासनकाल में जिले के प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। विशेषकर विभागीय अधिकारी अपने एसी चैम्बरों में बैठकर विभाग चला रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि क्या विभागीय आला अधिकारी वास्तव में शासन द्वारा आमजनो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र के विकास और निर्माण कार्यो के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है और अगर हैं तो फिर इस तरह से निर्माण एवं विकास कार्यो में अनियमितता तथा भ्रष्टाचार बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है? श्री केशरवानी ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग शासन-प्रशासन से की है।

---

## विधायक भावना बोहरा को उत्कृष्ट विधायक से सम्मानित होना पंडरिया क्षेत्र के लिए गौरव की बातः ओम यदु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सत्र 2024-25 में उनकी सक्रियता सहभागिता एवं जनहित के मुद्दों को सदन में रखने हेतु उत्कृष्ट विधायक का सम्मान से सम्मानित होना विधानसभा पंडरिया एवं क्षेत्र के लिए शान एवं गौरव की बात है, उक्त बात जिला मंत्री भाजपा ओम यदु ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 2024-25 के अंतिम दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों की घोषणा करते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को वर्ष 2024-25 के लिए उत्कृष्ट विधायक के रूप में उनके नाम की घोषणा की उन्होंने कहा श्रीमती बोहरा ने वर्ष 2024-25 के अवधि में सम्पन्न हुए बजट सत्र मानसून सत्र एवं शीतकालीन सत्र में विधानसभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान सक्रियता से भाग लिया। वही क्षेत्र एवं प्रदेश से जुड़े गंभीर मुद्दे सहित प्रमुख मुद्दों और जनता के हित को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान व आवश्यकताओं को लेकर मुखर रही, इस दौरान उन्होंने कई ऐसे विषय भी उठाए जो जनता की मूल भावनाओं से जुड़े हुए थे। जिला मंत्री भाजपा ओम यदु ने कहा श्रीमती बोहरा पंडरिया विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद निरंतर जनहित लोकहित के मुद्दे को विधानसभा सदन के पटल में पर मुखरता से अपनी बात रखने सक्रिय जनप्रतिनिधि की भूमिका का निर्वहन करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक के रूप में विधायक भावना बोहरा नाम की चयन से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का मान पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ा है। श्री यदु ने कहा पंडरिया विधानसभा के इतिहास में आज तक ऐसा विधायक पंडरिया को नहीं मिला जो हर तबके के अवाम की प्रति आवाज उठा सके एवं सहारा बन सके। श्रीमती बोहरा ने गरीब वर्ग, माध्यम वर्ग एवं कर्मचारियों तक न्याय दिलाने विधानसभा सदन में अपनी आवाज बुलंद की है। श्रीमति भावना बोहरा को उत्कृष्ट विधायक की खिताब मिलने पर उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की प्रति आभार व्यक्त किया।



## न्यू विप्र भवन परिसर में ब्राम्हण बटुकों का जनेऊ संस्कार कार्यक्रम 6 व 7 अप्रैल को

- आर्थिक रूप से कमजोर ब्राम्हण बच्चों का निःशुल्क जनेऊ संस्कार किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में 06 एवं 07अप्रैल को होने वाले व्रतबंध एवं वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार विप्रबन्धु जुटे हुए हैं, जिनको भी जिम्मेदारी मिली है वे पूरी निष्ठा एवं दृढ़ता से अपने दायित्यो का निर्वहन करने लगे हुए हैं। प्रथम चरण में बहुत ही उत्साह एवं आत्मीयता से सभी विप्रबंधुओ के घरों तक पहुंचकर आमंत्रण पत्र सौपा जा रहा है तथा उन्हें कार्यकम में पधारकर कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए अपील की जा रही है।

कार्यकम की शुरुआत कैलाशनगर निवासी पं बिसाहू प्रसाद पांडेय के निवास से की गई, तत्पश्चात कैलाश नगर, कचहरी पारा, प्रोफेसर कॉलोनी, जी श्यामनगर, शिक्षक नगर के साथ-साथ नगर के प्रत्येक विप्र परिवार तक छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर पहुंचने की कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है साथ ही साथ आसपास क्षेत्र के ब्राम्हण समाज के लोगो को व्रतबंध कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। व्रतबंध कार्यक्रम के मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के सम्मान के साथ ब्राम्हण समाज के विप्रजन जो नगरीय एवं पंचायत निर्वाचन में निर्वाचित हुए हैं तथा 75 वर्ष उम्र के वरिष्ठ विप्रजनो उनका भी समाज द्वारा अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा। व्रतबंध कार्यकम की रूपरेखा की जानकारी निम्नानुसार हैं चैत शुक्ल नवमी 06अप्रैल को मन्डपाच्छादन, वास्तुपुजन, हरिद्रालेपन, शिक्षा दीक्षा एवं मातृका पूजन दोपहर 03 बजे से व चैत शुक्ल दसमी 07 अप्रैल को व्रत बंध (जनेऊ) संस्कार प्रातः08 बजे मां महामाया मंदिर कवर्धा से सायं 04 बजे भव्य बटुक शिक्षा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 06 अप्रैल को संध्या बटुक एवं उनके पालको के लिए भोजन व्यवस्था किया गया वहीं व्रतबंध (जनेऊ) संस्कार कराने वाले विप्रबन्धु 04 अप्रैल 25 तक सहयोग राशि 25 सौ रुपए जमाकर पंजीयन करा लें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

वहीं 07 अप्रैल को दोपहर सभी विप्रबंधुओ, माता-बहनो के लिए भोजन व्यवस्था किया गया है। उक्त अवसर पर विप्र समाज अध्यक्ष बंटी मनीष तिवारी, उपाध्यक्ष वेदनारायण तिवारी एवं उमंग पांडेय, सचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सिद्धु तिवारी, आयोजन समिति अध्यक्ष विनोद तिवारी, युवा अध्यक्ष डॉ आनंद मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, अश्वनी पांडेय, राजेश पांडेय, चंद्रशेखर शर्मा, संजय मिश्रा, आनंद मिश्रा, कीर्ति दत्त तिवारी, राजेश शुक्ला, मिडिया सहयोगी नंदकुमार शर्मा, महिलाध्यक्ष श्रीमती मधु तिवारी, विजय शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, हरिप्रसाद शुक्ला, मेदिनीशंकर शर्मा, संजय मिश्रा, विसाहू प्रसाद पांडेय, श्रीकान्त उपाध्याय, अशोक शर्मा, व्यास नारायण तिवारी, बसंत शर्मा, टीपी दूबे, कीर्तन शुक्ला, संतोष चौबे, बिन्नू तिवारी, संतोष शुक्ला, कमलेश द्विवेदी, उमेश पाठक, भावेश मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में विप्र समाज के सदस्यो का सहयोग प्राप्त हो रहा है।



---

जिले में गन्ना उत्पादक सहित सभी किसानों की स्थिति दयनीयः अभिषेक मिश्रा

## गन्ना किसानों को भुगतान, यूरिया की काला बाजारी रोकने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किसानों को परेशानी न हो इसके लिए कांग्रेस की सरकार ने लगातार पांच वर्ष काम किया अब विपक्ष में रहकर किसानों के परेशानियों को दूर करने के लिए संघर्ष कर रहे है। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एक दिवसीय कवर्धा दौरे पर रहें जिनके द्वारा नौं सूत्रीय मांगो के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा साथ ही साथ किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि आज कवर्धा ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के किसान परेशान है, कवर्धा में गन्ना किसानों को भुगतान नहीं हो रहा तो महासमुंद में लो-वोल्टेज की समस्या से किसान जूझ रहे है, राजस्व प्रकरण की मामले में पूरे प्रदेश के किसान तहसीलदार, एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट रहे है, जो की सिर्फ भाजपा सरकार की नाकामी और सही नियत के साथ सरकार नहीं चलाने के कारण है। किसान कांग्रेस प्रभारी किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने बताया कि आज किसानों के परिवारों में शादी-ब्याह का समय आ चुका है, किसान अपने ही गन्ने बेचे हुए राशि के लिए लगातार भटक रहे है, कारखाने में भ्रष्टाचार के कारण आज दोनों कारखाने डूबने की स्थिति में है, यूरिया खाद की कालाबाजारी के कारण किसानों को दुगुनी दाम पर खाद बेचा जा रहा है। साथ ही साथ कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा आवारा पशुओं से हो रहे नुकसान के बारे में कुछ ठोस कदम उठाने की बात कही है, वहीं भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगने की स्थिति में आगामी समय में कलेक्टर कार्यालय घेराव की चेतावनी दी गई। इस दौरान प्रमुख रूप से किसान प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, दीपक पाण्डेय, लालजी चन्द्रवंशी, रवि चन्द्रवंशी, अशोक ठाकुर, आकाश केशरवानी, शीतेश चन्द्रवंशी, पलेश्वर चंद्राकर, मनोज राजपूत, सुषेन चन्द्रवंशी, चेतन वर्मा, भोला चन्द्रवंशी, मणीकांत त्रिपाठी, कृष्णा साहू, भक्कू यादव, सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बैजलपुर में विश्व क्षय रोग दिवस का भव्य आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** सोमवार को बैजलपुर में विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत विशेष दिवस के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, सिमरन हेल्प वेलफेयर सोसायटी, बाल अधिकार संगठन एवं ग्रामोदय संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती ममता अदालत मेरावी सरपंच ग्राम पंचायत बैजलपुर ने कहा कि हर वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य टीबी के बारे में जागरूकता फैलाना और इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में नई उम्मीदें जगाना है। डॉ आंचल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैजलपुर ने कहा इस वर्ष के विश्व क्षय रोग दिवस का विषय इनोवेट टू एंड टीबी है, जो टीबी के खिलाफ लड़ाई में नवाचार और नए तरीकों को अपनाने पर जोर देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, टीबी दुनिया में सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जो हर साल लाखों लोगों को प्रभावित करती है। भारत में भी टीबी एक बड़ी समस्या है, जहां हर साल लाखों मामले सामने आते हैं। अदालत मेरावी जनसेवक ने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए आज दिन सोमवार को बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बैजलपुर में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा टीबी रोग के लक्षण, कारण, उपचार और सावधानी के बारे में लोगो को बताया गया एवं कार्यक्रम में आए मरीजों का निःशुल्क उपचार और दवाई उपलब्ध कराई गई। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बैजलपुर के सरपंच श्रीमती ममता अदालत मेरावी, उपसरपंच नरेश मेरावी, सालिक राम मेरावी, पनटोरिन पंच, पुष्पराज कुर्रे पटवारी, ग्राम पटेल झगर सिंह मरकाम, भारती साहू स्वास्थ्य कार्यकर्ता, चंद्रकांत यादव, रमन सिंह ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष बाल अधिकार संगठन, दीपक यादव, राजाराम चंद्रवंशी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, ग्राम कोटवार, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025



# आठ दिनों की चैत्र नवरात्र, मंदिरों में मनोकामना ज्योत के लिए रजिस्ट्रेशन का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि इस वर्ष आठ दिनों की होगी। पर्व को लेकर मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित करने सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है।

चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर अंचल में व्यापक तैयारियां की जा रही है। देवी मंदिरों में घट स्थापना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारियों के साथ-साथ मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सजावट का कार्य शुरू कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि नवरात्र पर्व के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन एवं पूजा हेतु होता है। खासकर बड़ी संख्या में पदयात्री पदयात्रा करते हुए अलग-अलग जत्थों में पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए प्रशासन ने भी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है। पर्व के दौरान जिलेभर में भक्ति का माहौल बना रहेगा। इस बार कलश स्थापना ब्रह्म मुहूर्त से लेकर सूर्यास्त से पूर्व तक का है. अभिजीत मुहूर्त सुबह 11. 53 से दोपहर 12.48 तक का है। इधर नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी मनाई जाएगी। इस वर्ष रामनवमी 6 अप्रैल को है, पंडितों के अनुसार इस दिन पूजन का विशेष मुहूर्त दोपहर 12.02 से 2:29 तक है। कर्क लग्न मध्याह्न काल के शुभ मुहूर्त में श्रीराम के जन्म का उत्सव मनाया जायेगा और भगवान को मिष्ठान व फूल अर्पित कर मंगल गीत गाये जायेंगे।

## बम्लेश्वरी मंदिर में मेले की तैयारी शुरू, पाताल भैरवी-शीतला मंदिर में ज्योत कक्ष की सफाई

### पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी

इधर पर्व को लेकर बाजार में ज्योति कलश के पात्र सहित पूजा सामग्री संबंधी विविध सामग्रियों की दुकानें सज चुकी है। जिसकी खरीदी भी शुरू हो चुकी है। बताया गया कि आगामी दिनों में बाजार में चहल-पहल और भी बढ़ेगी एवं ज्योति कलश एवं पूजा सामग्रियों की मांग बनी रहेगी। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें, वहीं देवी मंदिरों के आसपास भी पूजा सामग्रियों की दुकानें खुलने लगी है।



### 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाएंगे पर्व

जिले के प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में नवरात्र पर्व को 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार इसी तरह जिले के अन्य देवी मंदिरों में भी यह पर्व मनाया जाएगा। पर्व के तहत 30 मार्च को घट स्थापना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। 2 अप्रैल को पंचमी पर्व, 5 अप्रैल को महाअष्टमी पर्व एवं 6 अप्रैल को श्रीराम नवमी पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शहर के शीतला माता मंदिर सोनारपारा के पुजारी पं. राज महाराज ने बताया कि मंदिर में चैत नवरात्र के अवसर पर 13 सौ तेल के एवं 108 घी के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा दो ज्योति कलश स्व राजपरिवार एवं स्व पुजारी परिवार का गर्भ गृह में नगर कल्याण हेतु प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। ज्योति कलश की संख्या बढ़ने की भी संभावना है।

---

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** विवाह करने का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया द्वारा 18 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि गजेन्द्र सिंह मरकाम 30 साल द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करता था।

माह नवंबर 2023 में उसकी मुलाकात गजेन्द्र सिंह मरकाम से फोन के माध्यम से सम्पर्क हुआ था। जिससे बातचीत के दौरान दोनों का एक-दूसरे से दोस्ती हो गया और फिर दोनों में प्रेम हो गया। गजेन्द्र सिंह ने शादी का प्रलोभन देकर 3 दिसंबर 2023 को प्रार्थिया के बर्थ-डे में मिलने बुलाया तो प्रार्थिया उससे मिलने स्कूटी में उसके गांव गई। आरोपी गजेन्द्र सिंह अपनी कार में आया और प्रार्थिया को कोरलवंड बीच जंगल ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 64 (2) (म) 69, 351 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मोहला निरीक्षक कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी को 24 मार्च को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

### माय एंगल




---

## जलाशयों से पानी मंगाकर की जा रही घरों में जलापूर्ति

# पांच साल से नहीं खुले एनीकट के गेट स्टोरेज घटा, अभी तीन फीट ही पानी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार गर्मी शुरू होने से पहले ही शहर से लेकर कई गांव में जलसंकट देखने को मिल रहा है। हालत यह रह कि दो लाख की आबादी वाले शहर में दो की जगह एक समय ही पेयजल आपूर्ति की जा रही है। मोहारा स्थित एनीकट में पानी का स्टोरेज ही लगभग शून्य हो गया था। इसके पीछे की बड़ी वजह बारिश में एनीकट के पिछले पांच साल से गेट नहीं खोला जाना है। गेट नहीं खुलने से एनीकट के सामने ही बड़ी मात्रा में सिल्ट जमा हो गई। जिससे एनीकट में जलभराव की क्षमता काफी कम हो गई।

यही कारण रहा कि पानी स्टोरेज कम होने से शहर में सप्लाई प्रभावित हुई। हालांकि अब जिला प्रशासन ने सिल्ट निकालने का कुछ काम किया है। इसके साथ ही मटियामोती, मोंगरा सहित अन्य जलाशयों से पानी भी मंगाया जा चुका है। आने वाले कुछ दिनों में ही स्थिति के सामान्य होने की संभावनाएं भी जताई जा रही है, परन्तु यह जरूर है कि तेजी से घटना जलस्तर आने वाले सालों में भी जिले के लिए जल संकट के दृष्टिकोण से चिंता का बड़ा विषय बना हुआ है। इधर एनीकट से सिल्ट निकालने के बाद उसकी जलभराव क्षमता में भी काफी इजाफा देखने को मिला है।

### खास बातें

- जलाशयों से आने वाले पानी से हो रही पेयजल सप्लाई
- सिल्ड जमने से मोहारा एनीकट में घट गया था जलभराव क्षमता



### साढ़े तीन में सवा दो मीटर पानी

मिली जानकारी के अनुसार मोहारा स्थित एनीकट की लगभग साढ़े तीन मीटर की जलभराव क्षमता है। हाल ही में जलाशयों से आए पानी की मदद से एनीकट में लगभग सवा दो मीटर पानी का स्टोरेज हो चुका है। वहीं अब महज एक से सवा मीटर ही जलभराव शेष है, जो कि शहरवासियों से लेकर जिला प्रशासन के लिए भी राहत की खबर है। हालांकि सिल्ट निकाले जाने के बाद इसकी क्षमता में और वृद्धि संभावित बताई गई है।

### सड़ गए सभी गेट

एनीकट की मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से इसके सभी पांच गेट सड़ने की हालत में आ गए हैं। आलम यह है कि इन गेट में लगे नट तक नहीं खुल रहे हैं। इसके पीछे विभागीय अफसरों की गलती सामने आ रही है। पिछले कुछ सालों में नियमित समय पर यदि गेट को खोला जाता तो इससे सिल्ट भी नहीं जमा होता। वहीं गेट की स्थिति भी बेहतर बनी रहती। हालांकि अब इसे सुधार करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

### सिल्ट के कारण इंटकवेल में भी दिक्कतें

बारिश में एनीकट के गेट नहीं खोले जाने से जहां एनीकट में काफी अधिक सिल्ट जमा हो गया है। वहीं यही हाल इंटकवेल के आसपास का है। इंटकवेल में सिल्ट के जमा होने के कारण जलापूर्ति में लगे निगम के कर्मियों को आए दिन अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इंटकवेल और एनीकट में जाम सिल्क को हटाना एक बड़ी चुनौती दिखाई दे रही है।

---

## पूजा अर्चना कर निगम अध्यक्ष वर्मा ने किया कार्यभार ग्रहण

### महापौर यादव, आयुक्त ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने आज पूर्वान्ह में निगम कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के दौरान महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदों ने भी उन्हें माला पहनाकर बधाई दी। कार्यभार ग्रहण के दौरान निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि महापौर मधुसूदन यादव सहित संगठन के वरिष्ठजनों ने मुझे निगम अध्यक्ष के लिए नामित किया और पार्षद साथियों ने मुझे मतदान कर अध्यक्ष बनाया। जिसके लिए मैं महापौर, संगठन और पार्षदों का सहृदय आभारी हूँ।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डे के मार्गदर्शन में महापौर श्री यादव के साथ मिलकर शहर विकास करेंगे तथा शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

### विश्वास में खरा उतरेंगे

अपने वार्ड नं. 16 के वासियों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे भारी मतों से विजयी बनाया। उन्होंने कहा कि मैं उनके विश्वास में खरा उतरकर उनकी मंशानुरूप वार्ड में विकास कार्य करेंगे। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, वार्डवासी एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## शराब पीने से रोकने पर नाराज पिता ने अपने ही बेटे पर किया टंगिया से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बेटे पर टंगिया से जानलेवा हमला कर फरार हुए आरोपी पिता को पुलिस ने राजनांदगांव से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 21 मार्च खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोढरी की प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मां और भाई डेविड घर के बाड़ी में ईंटा बना रहे थे, जो शाम 6 बजे तक ईंटा बनाए, फिर प्रार्थिया शाम का खाना बनाई तो रात लगभग 8 बजे प्रार्थिया, उसकी मां और भाई डेविड खाना खाए।

उस समय आरोपी पिता घर पर नहीं थे, फिर वे लोग एक कमरे में मां और प्रार्थिया तथा दूसरे कमरे में भाई डेविड सो गए। रात्रि लगभग 10 बजे भाई डेविड के चिल्लाने की बचाव-बचाव करके आवाज आई तो प्रार्थिया ने अपनी मां को उठाई। वे लोग डेविड के कमरा की तरफ गए तो देखे आरोपी पिता पीलूराम टंगिया से भाई डेविड को मार रहे थे। जिससे डेविड के माथा, सिर, दाहिना कान के पास गहरी चोंट लगा, जब वे लोग बीच-बचाव करने लगे तो उनके आरोपी पिता ने तुमको भी मार दूंगा बोलकर प्रार्थिया और उसकी मां को मारने के लिए टंगिया उठाए, तब वे लोग घर से बाहर भागते हुए बचाव-बचाव चिल्लाए, तब आसपास के लोग उठे तो आरोपी पिता टंगिया लेकर बाड़ी की तरफ भाग गए। डेविड को सरकारी अस्पताल मोहला ले गए, जहां पर डेविड का प्राथमिक उपचार कर टांका लगाकर चोंट ज्यादा होने के कारण रिफर करने से मेडिकल कॉलेज हास्पिटल राजनांदगांव ले गए, फिर चिन्मय हास्पिटल राजनांदगांव लेकर गए, जहां उसका ईलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर थाना खड़गांव में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### टंगिया जब्त, पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी फरार हो गया था, जिसे मुखबीर सूचना के आधार पर बसंतपुर पुलिस की मदद से राजनांदगांव से पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। घटना के बाद वह अपने घर घटनास्थल से पांच किलोमीटर दूर अपने दोस्त के खेत लाडी में टंगिया को छिपाकर रखा था, जिसे उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर 24 मार्च को न्यायिक रिमांड पर पेश करने पर माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर जिला जेल राजनांदगांव निरूद्ध किया गया है।

---

## शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ सात महिला समूहों ने खोला मोर्चा, इधर पांच कोचिये गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 49 मोहड़ वार्ड में अवैध शराब बिक्री से परेशान महिलाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर वार्ड में अवैध बिक्री बंद कराने की मांग की। सात महिला समूह की 50 से अधिक संख्या में पहुंची महिलाओं के साथ वार्ड पार्षद ने अवैध शराब बिक्री बंद नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी है।

बड़ी संख्या में पहुंचे मोहड़ वाडे के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कहा है कि वार्ड के ही कुछ लोग द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ, शराब व गांजा की बिक्री की जा रही है। इस मामले को लेकर पहले भी बसंतपुर में शिकायत की गई थी और थाना प्रभारी द्वारा इस पर कार्रवाई भी किया गया, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से उन लोगों द्वारा शराब बिक्री शुरू कर दी गई है। अब शराब बिक्री के चलते मोहड़ वार्ड में नशाखोरी के मामले बढ़ गए हैं। चौक-चौराहा पर शराबियों का शाम होते ही जमघट लग जाता है। इस दौरान महिलाओं और युवतियों पर शराबी छींटाकशी करते हैं। जिससे महिलाओं को परेशानी हो रही है। गांव के पढ़ने वाले बच्चियों एवं



महिलाओं का अकेले घर से निकलना मुश्किल होता जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूह की पद्मिनी निषाद और अन्य महिलाओं ने बताया कि अब शराब बिक्री से मना किए जाने पर शराब कोचियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज किया जाता है। शराब कोचिये मारपीट और झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

### वार्ड में असुरक्षा की भावना

वार्ड के पार्षद संजय रजक ने कहा कि मोहड वार्ड में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शराब तथा नशीले पदार्थ का विक्रय किया जा रहा है। इस कारण युवा वर्ग इनके गिरफ्त में आकर वार्ड के रहवासियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। जिससे वार्ड के लोग हमेशा भय व असुरक्षित महसूस करते हैं।

### गांव में कर रहे थे शांति भंग, बसंतपुर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** ग्राम मोहड में शराब पीकर हुल्लड़ कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने पांच अनावेदकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आपराधिक व असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मोहड में शराब पीकर हो-हुल्लड व शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी शशी साहू 28 साल, निहाल साहू 34 साल, ज्ञानदास साहू 34 साल, दिलीप श्रीवास 30 साल एवं थानेश्वर साहू 34 साल द्वारा गांव में शराब पीकर हो-हुल्लड करने की सूचना मिलने के उपरांत मौके पर पुलिस पार्टी पहुंचकर अनावेदकगण को समझाईश दिया गया, जो नहीं माना। ग्राम में अप्रिय घटना घटित होने व परिशांति भंग होने के अंदेशा पर अनोवदकगणों के विरूद्ध धारा 107, 126, 135(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को माननीय एसडीएम न्यायायल के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अनावेदकगणों का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत अनावेदकगणों को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

---

## अब फिर चढ़ने लगेगा दिन का तापमान, 36 डिग्री पहुंचा

# बारिश के बाद लुढ़का अधिकतम तापमान आज से फिर चढ़ेगा, माहांत तक पहुंचेगा 40 के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 72 घंटे के भीतर अंचल का मौसम फिर से बदल गया है। तेज धूप के बीच अब बंगाल की खाड़ी से आई नम हवाएं पश्चिमी विक्षोभ एवं द्रोणिका की वजह से शनिवार की देर रात एवं रविवार अलसुबह हल्की बारिश देखने को मिली। बेमौसम बारिश का असर अधिकतम तापमान में भी देखने को मिला। दिन का पारा 37.5 डिग्री से लुढ़ककर 35 डिग्री के करीब पहुंच गया था। हालांकि इसमें अब वृद्धि का



दौर शुरु हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 3.1 किमी से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 82 डिग्री पूर्व और 33 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। एक हवा का अनियमित गति/द्रोणिका दक्षिण-पूर्व उत्तरप्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए मराठवाड़ा तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 23 को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा, एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है, फिर भी उत्तर छत्तीसगढ़ के एक-दो जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### गर्मी के दिनों में बारिश का अलर्ट

मार्च महीने की शुरुआत से ही गर्मी की तपिश ने लोगों को हलाकान कर रखा है। तापमान भी चढ़कर 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका था, लेकिन इस बीच अचानक मौसम में बदलाव आने से बेमौसम बारिश भी देखने को मिली। विभाग की तरफ से राजनांदगांव को लेकर बारिश का येलो अलर्ट भी रविवार की सुबह जारी किया गया था। वहीं पड़ोसी जिलों को लेकर आरेंज अलर्ट रहा।

### ऐसा रहा तापमान

ज्ञात हो कि शनिवार को राजनांदगांव अंचल का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस पर था, लेकिन रविवार सुबह हुई बेमौसम बारिश के बाद इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह लुढ़ककर 35 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 19 डिग्री के करीब है। हालांकि अब तापमान में फिर से इजाफा देखने को मिलेगा।

---

# व्यापारी से हुई लूट मामले में एनपीआर कैमरे से मिला आरोपियों का अहम सुराग



### एनपीआर कैमरे की मदद से पकड़ाए

पुलिस विभाग द्वारा संचालित मोहारा चौक स्थित एनपीआर कैमरे से आरोपियों द्वारा प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन की स्पष्ट पहचान हो पाई। उक्त वाहन के आधार पर धमतरी, रायपुर व सायबर सेल राजनांदगांव की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते 5 आरोपियों एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर नगदी रकम 19,85,000 रुपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन, स्वीफ्ट डिजायर व एयरगन को जब्त कर विधिवत कार्रवाई की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के व्यापारी से धमतरी क्षेत्र में हुए लूट के मामले में पुलिस द्वारा संचालित एनपीआर कैमरे से महत्वपूर्ण सुराग मिला है। इस मामले में आरोपी पकडे गए, जिन पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 मार्च को प्रार्थी पुरोषतम साहू निवासी राजनांदगांव द्वारा अपने सेठ सागर गांधी निवासी गंज चौक शांति अपार्टमेंट राजनांदगांव के घर से 20,00,000 रुपए नगद लेकर धमतरी के व्यापारी निर्मल जैन के यहां मारूति सेलेरियों कार से ड्राईवर व एक अन्य के साथ छोड़ने के लिए जा रहा था। दोपहर करीब 1.30 बजे ग्राम पोडियाडीह में एक स्कार्पियों वाहन के चालक द्वारा प्रार्थी के गाड़ी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर रूकवा दी गई। उसके बाद स्कार्पियों में बैठे तीन व्यक्तियों द्वारा चहरे में स्कार्प बांधकर प्रार्थी पक्ष को बंदूकनुमा हथियार दिखाते डरा-धमका कर मारपीट करते प्रार्थी के कार में बैग अंदर रखे नगदी 20,00,000 रुपए को लूट लिए थे। लूट की सूचना पर ⏩ शेष पेज 10 पर

**समस्या:** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है पीने वालों की संख्या

# गर्मी में गंजेड़ियों के सिर चढ़ कर बोल रहा है गांजा का नशा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वाजिब दामों में सुगमता से मिलने के कारण क्षेत्र में गांजा जनित बिमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है। कई गंजेड़ी तो इस नशे के आगे घुटने टेककर मानसिक एवं शारीरिक रोगों से ग्रसित होकर घुट-घुट कर जीने मजबूर हैं। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि गांजा एक ऐसा नशा है जो इसके शौकीनों को बड़ी आसानी से कम दामों में मिल जाता है। क्षेत्र में कई ऐसी दुकानें हैं जहां 20-25 रूपए में गांजा की पुड़िया मांगने पर आसानी से मिल जाती है। जिसके कारण इस नशे के शौकीन भी ज्यादा हैं और नगर के पुल-पुलिया व सुनसान क्षेत्रों में बुजुर्ग नौजवान से लेकर बच्चे तक चिलम में गांजा भरकर सुट्टा लगाते हुए नजर आ जाते हैं। परिणाम यह है कि आज नगर की गलियों में गांजा के नशे में मदमस्त दर्जनों गंजेड़ी घूम रहे हैं। इन गंजेड़ियों की स्थिति ये है लगातार गांजा के नशे में इन्हें मानसिक रोग से ग्रस्त कर दिया है। इस रोग के चलते ये मरीज अपने आप में मस्त रहकर गुमसुम रहते हैं। कई गंजेड़ियों की तो हालत इतनी दयनीय है कि उन्हें न तो कपड़े पहनने का होश है और न ही खाने-पीने की सुध। चिंता का विषय यह है कि इन गंजेडिय़ों की कतार में 14-15 आयु वर्ग के लड़के भी शामिल हो रहे हैं। इन बच्चों ने भी अपने बड़ों की देखा सीखी चिलम में गांजा भरने से लेकर उसके जहरीले धुंए को अपने हलक के नीचे ऊतारना सीख लिया है। चिकित्सकों के अनुसार गांजा कई प्रकार के शारीरिक रोगों का कारक है। गर्मी के दिनों में तो यह जहर से कम नहीं। कवर्धा शहर के लोहारा नाका, नवीन बाजार, बस स्टैण्ड क्षेत्र सहित अन्य ईनाकों में गांजा खुलेआम बेंचा और पिया जा रहा है।

### गर्मी में गांजा का नशा जहर से कम नहीं



चिकित्सकों का मानना है कि इस नशे के आदि अधिकांश गरीब परिवार के लोग हैं। जिनके पास न तो खाने के लिए पैसे होते हैं और न ही कोई दूसरे नशे के लिए। मजबूरन वे अपनी तलब को मिटाने के लिए कम कीमत में मिलने वाले गांजे का सहारा लेते हैं और जब तक गांजा के साथ पौष्टिक आहार न हो वह शरीर को खोखला करता चला जाता है। अंततः गंजेड़ी शारीरिक रूप से कमजोर तो होता ही है साथ ही मानसिक रूप से भी विक्षिप्त हो जाता है। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने क्षेत्र में गांजा के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए प्रशासन से इनके विक्रय पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# प्रदेश महिला कांग्रेस ने जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## तूल पकड़ रहा है महिला पंचों के पतियों का शपथ लेने का मामला

- महिला कांग्रेस ने शासन-प्रशासन के समक्ष रखी मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कबीरधाम जिले में महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति द्वारा शपथ लिए जाने का मामला अब तूल पकड़ने जा रहा है। हाल ही में जिला महिला कांग्रेस ने इसका विरोध करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनो कबीरधाम जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में खुज्जी की पूर्व विधायक छन्नी साहू, पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय पर्यवेक्षक और बिहार प्रभारी प्रीति उपाध्याय शुक्ला तथा मयूरी सिंह शामिल थे। वहीं महिला कांग्रेस ने कार्रवाई न होने पर राष्ट्र व्यापी आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

महिला कांग्रेस ने मांग की है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, महिला जनप्रतिनिधियों को स्वतंत्र रूप से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने दिया जाए, जिससे वह किसी प्रकार के सामाजिक दबाव में ना रहे, चुनाव आयोग और प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो, इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं, इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए देश में एक सख्त नीति बनाई जाए ताकि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित न किया जा सके, साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने इस विषय पर तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी भी दी कि यदि इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया गया तो राष्ट्र व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### पलानसरी का है पूरा मामला

कवर्धा जिले के पंडरिया ब्लॉक के परसवाड़ा ग्राम पंचायत में चुने गए 12 वार्ड के पंचों में से 6 महिलाएं थीं, जबकि 6 पंच पुरुष थे। इन 6 महिला पंचों के पतियों और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को पंचायत सचिव ने शपथ दिलाई। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस घटना को महिला सशक्तिकरण का मजाक बताया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि अगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो यह गलत उदाहरण पेश करेगा और इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा मिल सकता है।

### खबर संक्षेप

#### गंधर्व समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**कवर्धा।** जिला गन्धर्व समाज द्वारा मां सरस्वती मंदिर परिसर में गत दिनो जिला स्तरीय होली मिलन समारोह एवं महिला सम्मान का आयोजन नवयुवक गन्धर्व समाज कबीरधाम के तत्वाधान मे किया गया। सराबोर कर एक-दुसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### निधन

#### श्रीमती चंद्र कुसुम पाण्डेय



स लोहारा। सहसपुर लोहारा निवासी श्रीमती चंद्र कुसुम पाण्डेय का निधन 24 मार्च को रात्रि 08 बजे श्रीमती चंद्र कुसुम पाण्डेय पति स्व. सुखदेव प्रसाद पाण्डेय का निधन हो गया है। स्व.श्रीमती चंद्र कुसुम पाण्डेय प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विनोद पाण्डेय एवं संजय पाण्डेय की माता थी। वहीं स्व श्रीमती चंद्र कुसुम पाण्डेय का अंतिम संस्कार 25 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे सहसपुर लोहारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### निधन

#### कृष्ण कुमार वैष्णव



सिल्हाटी।ग्राम बिरौड़ा निवासी प्रतिष्ठित नागरिक भागवत वैष्णव, युवराज वैष्णव, नंदू वैष्णव एवं राजेश वैष्णव के पिता कृष्ण कुमार वैष्णव का गत दिनो आकस्मिक निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जनो, समाज के लोगों एवं परिजनो ने शामिल होकर उन्हें भवभीनी श्रद्धांजलि दी।

# मांग पूरी होने तक जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़तालः पंचायत सचिव

- शासकीयकरण की मांग को लेकर आठवें दिन भी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर गत 17 मार्च से विधानसभा घेराव रेली से शुरुआत करते हुए आज 24 मार्च को ब्लाक मुख्यालय कवर्धा मे ब्लाक इकाई कवर्धा द्वारा 8 वे दिन भी अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर पंचायत सचिवों की बेमुद्दत हडताल अनवरत जारी है।

इन हड़ताली पंचायत सचिवों का साफ कहना है कि जब तक उनकी मां पूरी नहीं होती हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताली पंचायत सचिवों ने बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सचिवों के साथ बार-बार वादाखिलाफी की जा रही है, पंचायत सचिवों की मांग कोई नई मांग नहीं है, यह 30 वर्षों से लगातार उठाई जा रही है। लेकिन जो भी सरकार सत्ता में बैठती है पंचायत सचिवों की मांग को दरकिनार कर देती है। वर्तमान भाजपा सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा वर्ष 2023 में कवर्धा जनपद सचिव संघ के धरना स्थल पर आकर तत्कालीन कांग्रेस की भूपेश सरकार को कोसते हुए सचिवों की इसी मांग को जायज मानते हुए सार्वजनिक रूप से कहा था कि यदि हमारी सरकार आाती है तो सचिवों की मांग को शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। लेकिन आज प्रदेश में भाजपा की सरकार निर्वाचित हुए डेढ़ वर्ष बीत चुके है भाजपा ने अपना वायदा और गारंटी पूरी नहीं की है और अभी तक सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है। लेकिन अब संघ अपनी मांग पर अडिग है और जब तक मांग पूरी नहीं होती उनकी हड़ताल जारी रहेंगी। सोमवार को कवर्धा ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में ब्लाक इकाई कवर्धा अध्यक्ष डमरु नाथ योगी, सीमा भास्कर, शेख सफुरूद्दीन, राजेन्द्र परिहार, अतुल दिवाकर, कन्हैया सिंह राजपुत, नंदकुमार राजपूत, गयाराम, लक्ष्मण साहू, रतनदाय मानिकपुरी, अशोक वर्मा तथा जनपद के सभी सचिव साथी उपस्थित थे।

# नाली सफाई पर गंदगी के निष्पादन में लेटलतीफी



- नाली सफाई के बाद दो दिनो में भी नहीं उठाई गई गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एक तरफ कवर्धा नगर पालिका प्रशासन और नगर पालिका के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में रैंक हांसिल करने मसक्कत करते नजर आ रहे हैं, नगरवासियों व दुकानदारों से साफ-सफाई में सहयोग देने की अपील की जा रही है। तो दूसरी तरफ नगर की सफाई व्यवस्था में लगा अमला ही इस दिशा में घोर लापरवाही बरतते नजर आ रहा है। आलम ये है कि नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा बनाने के लिए यहां नालियों की साफ सफाई तो की जा रही है लेकिन सफाई कामगारों द्वारा नालियों से निकाले गए कचरे और गंदगी को समय पर ठिकाने लगाने भारी कोताही व लेटलतीफी बरती जा रही है। जिसकी वजह से नालियों के ही बगल में गंदगी और कचरा पड़ा रह जाता है। इसकी शिकायत नगर के कैलाश नगर के बासिंदों ने करते हुए बताया कि यहां पुलिस चौकी के सामने वाले मार्ग में बीते रविवार को सफाई कामगारों द्वारा नालियों की साफ-सफाई कर गंदगी और कचरा निकाला गया था और इस गंदगी को लोगों के घरों के सामने नालियों के ही किनारे छोड़ दिया गया। लोगों को लगा की पूरी सफाई के बाद इस गंदगी को उठा लिया जाएगा। लेकिन यह गंदगी रविवार को पूरे दिन वहीं की वहीं पड़ी रही। यही स्थिति सोमवार को भी देखने को मिली। वार्डवासियों के मुताबिक सोमवार को सफाई कामगार का अमला रविवार को नालियों से निकाली गई गंदगी को उठाने तो पहुंचा लेकिन उसने इस बार भी आधा अधूरा ही काम किया। कुछ गंदगी को तो मौके से उठा लिया गया लेकिन अधिकांश को वहीं की वहीं छोड़ दिया गया और चले गए। जो सोमवार को भी पूरे दिन यथा स्थान पड़ा रहा है। निश्चित रूप से सफाई कामगारों की इस तरह से बेतरतीब कार्यप्रणाली से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि आवारा मवेशी इस गंदगी को फैला रहे हैं और इसकी बदबू से लोगों को परेशानी हो रही है। जिसे देखते हुए लोगों ने नगर पालिका प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

# टीबी हारेगा देश जीतेगा, पखवाड़े में पंडरिया में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के आदेश के परिपालन में एवं डॉ. राकेश कुमार प्रेमी बीएमओ पंडरिया के नेतृत्व में सोमवार को विश्व टीबी पखवाड़ा दिवस के उपलक्ष्य में टीबी जागरूकता के लिए रक्त दान महादान का आयोजन किया गया। जसमें पंडरिया से 25 एवं ग्राम कोलेगांव से 20 रक्त दान महादान को रक्त दाताओं ने सफल बनाया। बीएमओ के द्वारा सभी वर्गो के लिए संदेश पहुंचाया गया की टीबी की बीमारी कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। इसका सफल ईलाज व जांच सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। टीबी एक जानलेवा बीमारी है जो एक दूसरे के सम्पर्क में आने से, खासने से, छीकने से फैलती है। अगर 2 हफ्ते से ज्यादा खासी, लगातार बुखार आना, रात में पसीना आना, वजन का कम होना, बलगम के साथ में खून आना, भूख न लगना जैसे लक्षण किसी व्यक्ति को हो तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में आकर बलगम की जांच अवश्य कराएं। उन्होने कहा कि टीबी के बैक्टीरिया जन्म से प्रायः सभी व्यक्ति के शरीर में पाया जाता है। जिस व्यक्ति के शरीर में रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती तथा वह टीबी रोगी के संपर्क में आता है उसे टीबी होने की संभावना होती है जो बलगम के जांच और एक्स रे जांच के माध्यम से पता चलता है। टीबी मुख्यतः दो प्रकार की होती है पहला पल्मोनरी और दूसरा एक्स्ट्रा पल्मोनरी। पल्मोनरी टीबी फेफड़े में पाया जाता है और एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी नाखून और बाल को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में पाया जा सकता है। टीबी की बिमारी से हमें डरना नहीं है क्योंकि टीबी की दवा एवं रोकथाम की दवा टीपीटी आ चुका है जो रोगी के परिवार वालों को टीबी फैलने से रोकती है और सरकार के द्वारा भी टीबी मुक्त 100 दिवस अभियान जोर शोर से चलाया रहा है। इसलिए हम सबने यह ठाना है, टीबी मुक्त गांव बनाना है। 24 मार्च विश्व टीबी के उपलक्ष में सीएमएचओ डॉ. बीएल राज एवं बीएमओ पंडरिया के साथ-साथ सीएससी पंडरिया के स्टॉफ एवं मिडिल स्कूल पीपरखुटी के द्वारा मिलकर टीबी के संदेश रैली निकाली गई एवं एक टीबी मरीज का दवा प्रारंभ भी किया गया।





# भोरमदेव महोत्सवः मालवाहक वाहनों में सवारी लेकर आने पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में 26 एवं 27 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले भोरमदेव महोत्सव की सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी और सुव्यवस्थित इंतजाम किए गए हैं। यह महोत्सव जिले का एक प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल होते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, दुर्घटना या कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौती को रोकने के लिए पुलिस बल पूरी तरह सतर्क रहेगा। इस दौरान आयोजन तथा मेला स्थल की सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखने के लिए महोत्सव स्थल को अलग-अलग सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से हर गतिविधि पर निगरानी रखी जाएगी, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रवेश एवं निकास द्वारों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, क्यूआरटी, सशस्त्र पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है, 10 विशेष पुलिस पेट्रोलिंग टीमें लगातार गश्त करेंगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके, महिलाओ एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल एवं महिला हेल्प डेस्क की विशेष तैनाती की गई है, भोरमदेव मेला स्थल में पुलिस कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, कार्यक्रम के दौरान शराब पीकर हल्ला हंगामा करने वालों लोगों पर कड़ी कार्यवाही होगी।

### यातायात एवं पार्किंग के लिए स्थान चिन्हांकित

महोत्सव में आने वाले वाहनों के लिए सुनियोजित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था लागू की गई है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन ने बकायदा रोड मेप भी तय किया है। इस रोड मेप के अनुसार कवर्धा मार्ग से आने वाले वाहन सभी दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए, बोड़ला मार्ग से आने वाले वाहन बोड़ला से आने वाले सभी वाहनों की पार्किंग के लिए मड़वा महल मार्ग से होकर छेरकी महल के रास्ते गैलरी तक विशेष पार्किंग सुविधा बनाई गई। व्हीआईपी, व्हीव्हीआईपी वाहनो ने के विशेष पार्किंग व्यवस्था की गई है। किसी भी वाहन को महोत्सव स्थल के पास अनाधिकृत रूप से पार्क करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यातायात बाधित करने वाले वाहनों को तत्काल हटाया जाएगा और चालान की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मालवाहक वाहनों में सवारी ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित, महोत्सव के दौरान पिकअप, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य मालवाहक वाहनों में सवारी ले जाने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निलंबन एवं वाहन जब्ती भी शामिल होगी। वाहन स्वामी भी उत्तरदायी होंगे और उन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस के होली मिलन में पूर्व सीएम बघेल ने खेली होली, गाया फाग

- भाजपा पर साधा निशाना, कहा भाजपा कर रही छत्तीसगढ़ी तीज त्यौहार की उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित कांग्रेस भवन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जहां पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ जमकर रंग-गुलाल खेला वहीं उन्होने अपने चिरपरिचित अंदाज में नगाड़ों की थाप पर फाग गीत भी गाए। कवर्धा पहुंचे श्री बघेल ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह शानदार था। पारिवारिक माहौल में कांग्रेस के सभी विंगो के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने यहां उपस्थित होकर एक दूसरे के साथ मेल मुलाकात की और होली का आनंद लिया। इस दौरान पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए श्री बघेल ने कहा कि अब मौजूदा भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीज त्यौहारों की उपेक्षा कर बिहार का स्थापना दिवस मना रही है, वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि आने वाले समय में बिहार में चुनाव होने वाले हैं। उन्होने कहा कि अब तो सरकार ने राजकीय गीत को भी ऐच्छिक कर दिया है जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में यह सभी शासकीय कार्यक्रमों में अनिवार्य था। उन्होने कहा कि यह छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़वासियों की जनभावनाओं का अपमान है। उन्होने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री को इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है कि कांग्रेस पार्टी क्या कर रही है। उन्हें यह बताना चाहिए की लोहारीडीह और बलौदा बाजार की घटना के बाद वे बेकफुट पर क्यों थे। होली मिलन समारोह में मृतक कचरू साहू के परिवार के आने को लेकर उन्होने कहा कि कांग्रेस ने इस पीड़ित परिवार का साथ दिया। परिवार ने उच्च न्यायालय तक इंसाफ की लड़ाई लड़ी जिसके बाद उसे न्याय मिला है। यह पीड़ित परिवार आज भी अपने घर के मुखिया को खोने के कारण दुखी है। इसके अलावा श्री बघेल ने पत्रकारों से कई और विषयों पर भी चर्चा कर सवालों के जवाब दिए।





